**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 947**

**सोमवार, 2 दिसंबर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)**

## स्वचालन और डिजिटल कौशल प्रशिक्षण

**947. श्री अनुराग शर्मा:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार प्रौद्योगिकीय प्रगति के मद्देनजर भारत के कार्यबल को स्वचालन और डिजिटल कौशल की ओर स्थानांतरित करने के लिए किस प्रकार तैयार कर रही है; और

(ख) क्या श्रमिकों को उक्त परिवर्तनों के अनुकूल ढलने में सहायता के लिए कोई नया प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ख): इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने नैसकॉम के साथ संयुक्त रूप से "फ्यूचरस्किल्स प्राइम" नामक एक कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य नई/उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन, ऑगमेंटेड/वर्चुअल रियलिटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा एनालिटिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग/3डी प्रिंटिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, सोशल एंड मोबाइल, साइबर सुरक्षा और ब्लॉकचेन में उम्मीदवारों को फिर से कौशल प्रदान करना/कौशल उन्नयन करना है। फ्यूचरस्किल्स प्राइम डिजिटल कौशल प्रशिक्षण के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के रूप में उपलब्ध है, जिसे **https://futureskillsprime.in/** पर उपलब्ध कराया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर उम्मीदवारों को उनकी योग्यता और आकांक्षाओं के अनुरूप कभी भी, कहीं भी सीखने की सुविधा के लिए प्रीमियम सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम के तहत आईटी-आईटीईएस सेक्टर स्किल्स काउंसिल (एसएससी) नैसकॉम प्रमुख कार्यान्वयन एजेंसी है। इसके अलावा, 10 उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए 22 सी-डैक/नाइलिट केंद्रों को लीड और को-लीड रिसोर्स सेंटर (आरसी) के रूप में समूहीकृत किया गया है। वर्तमान में, इस प्लेटफॉर्म पर 500 से अधिक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। लगभग 19.99 लाख शिक्षार्थियों ने इस प्लेटफॉर्म पर भाग लिया है और इन उभरती प्रौद्योगिकियों के बारे में सीख रहे हैं। इनमें से 8.65 लाख उम्मीदवारों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन कराया है, जिनमें से 4.10 लाख उम्मीदवारों ने अपने पाठ्यक्रम पूरे कर लिए हैं। साथ ही, उक्त कार्यक्रम के तहत 11519 सरकारी अधिकारियों (जीओटी) और 2367 प्रशिक्षकों (टीओटी) को प्रशिक्षित किया गया है। फ्यूचरस्किल्स प्राइम कार्यक्रम आईटी उद्योग के लिए एक कुशल कार्यबल बनाने के लिए शैक्षणिक पाठ्यक्रम में उद्योग-उन्मुख कौशल को भी एकीकृत कर रहा है।

राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (एनईजीडी), एमईआईटीवाई ने अपने भागीदारों के साथ मिलकर **'युवा आई: ए आई के साथ उन्नति और विकास के लिए युवा' -** स्कूली छात्रों के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम लागू किया है, जिसका उद्देश्य कक्षा 8वीं से 12वीं तक के स्कूली छात्रों को समावेशी तरीके से ए आई तकनीक और सामाजिक कौशल प्रदान करना है।

*****